आवासों के बकाए के लिए OTS लाएं : योगी

▶ देखें अंदर

NBT
नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

SIR पर SC में ममता की दलील, हमें निशाना बना रहे

▶ देखें अंदर

वॉकथान, रैली और रक्तदान कर बचाव का दिया संदेश

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर से बचाव और समय पर जांच का संदेश देने के लिए वॉकथान, साइकल रैली के अलावा ब्लड डोनेशन समेत अन्य तरीकों से लोगों को जागरूक किया गया। विश्व कैंसर दिवस 2026 की थीम 'यूनाइटेड बाई यूनिटी' है।

विश्व कैंसर दिवस पर बीमारी से बचाव के लिए हुए कार्यक्रम

ऐरा मेडिकल कॉलेज : कैंसर एड सोसायटी और ऐरा मेडिकल कॉलेज के रेडिएशन ऑन्कॉलजी विभाग के तहत हुए कार्यक्रम में कैंसर की रोकथाम और शीघ्र पता लगाने के लिए जागरूकता की अहमियत बताई गई। यूनिवर्सिटी की सम-कुलपति डॉ. फरजाना मेंहदी ने कैंसर की रोकथाम और शीघ्र पता लगाने के लिए जागरूकता पर जोर दिया।

रक्तदान शिविर मे 40 यूनिट ब्लड इकट्ठा: कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू दूबे की अगुआई में रक्तदान शिविर में 40 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया। इस दौरान कई कैंसर सर्वाइवरों ने अपनी प्रेरणादायक जीवन यात्राओं को साझा किया। इस दौरान निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट डॉ. विजेंद्र, डॉ. वरुण विजय, डॉ. आयुष लोहिया, डॉ. सबुही कुरैशी, डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता समेत संस्थान के फैकल्टी सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर मौजूद रहे।

केजीएमयू में हुई वॉकथान

केजीएमयू में विश्व कैंसर दिवस पर केजीएमयू प्रशासनिक भवन परिसर से जागरूकता और उसके बचाव के लिए वार्कोथन हुई। अधिष्ठाताएं छात्र कल्याण प्रो. रश्मि कुशवाहा और अधिष्ठाता, पैरामेडिकल विज्ञान संकाय प्रो. केके सिंह ने कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता जाहिर की।

डीजी-स्वास्थ्य टेलिमेडिसिन सेंटर की रैली

कमला कुटीर, इटौंजा स्थित डीजी-स्वास्थ्य टेलिमेडिसिन सेंटर ने करूआ पंचायत घर में लगभग एक दर्जन गांव, उनकी पंचायत और रामा कॉलेज के सहारे साइकल रैली व कैंसर पर जागरूकता प्रोग्राम करवाया। डीजी-स्वास्थ्य के संरक्षक डॉ. एपी माहेश्वरी, रामा कॉलेज के प्रबंधक शिव चौहान व ग्राम प्रधान बाजपेयी ने नेतृत्व किया।

'कैंसर मरीजों के घरवालों के लिए संवेदनशीलता बेहद जरूरी'

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** पीजीआई के एंडोक्राइन सर्जरी विभाग ने विश्व कैंसर दिवस पर लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में पीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने कहा कि कैंसर की जल्द पहचान और विशेषज्ञों की टीम से इलाज से बेहतर नतीजे मिलते हैं। उन्होंने मरीजों और उनके परिवारिजनों के लिए संवेदनशीलता पर भी जोर दिया। एंडोक्राइन सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.गौरव अग्रवाल ने बताया कि थायरॉइड समेत एंडोक्राइन कैंसर के इलाज में सर्जरी की अहम भूमिका है। संस्थान आधुनिक व रोगी-केंद्रित सेवाएं दे रहा है। कार्यक्रम आयोजक डॉ. ज्ञान चंद, डॉ. डीके वर्मा और पुनीत शुक्ला ने कैंसर मरीजों और सर्वाइवर्स का हौसला बढ़ाया।

रैली के माध्यम से किया जागरूक

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** 'तंबाकू से नाता तोड़ो, स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो' और 'प्राणायाम करते जाओ, कैंसर से बचते जाओ' जैसे नारों के साथ बुधवार को रैली निकालकर लोगों ने कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाई।

रैली का आयोजन जियामऊ स्थित लखनऊ कैंसर संस्थान और हेल्थ एजुकेशन अवेरनेस एंड लर्निंग फाउंडेशन की ओर से किया गया। रैली का शुभारंभ विधायक त्रिभुवन राम, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, आईएएस विजय विश्वास पंत, **NHM** निदेशक डॉ. अल्का शर्मा, आईएएस गौरव सिंह, सीएमओ लखनऊ डॉ. एनबी सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर कैंसर जागरूकता के प्रति अपने विचार रखे।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव पर की चर्चा

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** लायंस क्लब अवध द्वारा इसाबेला थोबर्न पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज (आईटी कॉलेज) के रसायन विज्ञान विभाग के सहयोग से बुधवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सर्वाइकल कैंसर पर एक सेमिनार का आयोजन हुआ। इसका आयोजन आईटी कॉलेज कैंपस में किया गया।

स्त्रीरोग विशेषज्ञ हेल्थ सिटी विस्तार अस्पताल की डॉ. दर्शना कपूर ने फैकल्टी, स्टाफ एवं छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर होने के कारण व इससे बचाव के संबंध में चर्चा की। इससे पहले वरिष्ठ लायन सदस्य डॉ. अर्चना भटनागर और डॉ. रेखा रस्तोगी ने आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया। आईटी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. (मेजर) एन. मसीह ने इस विषय के महत्व के बारे में उपस्थित लोगों को बताया।